हिमाचल प्रदेश सरकार

श्रम एवं रोजगार विभाग

वार्षिक

प्रशासनिक रिपोर्ट

2017-2018

विषय सूचि

क्र0 सं0	अध्याय	विषय	पृष्ठ संख्या
1.	अध्याय–1	परिचय	4
2.	अध्याय–2	संगठनात्मक ढांचा	4–9
3.	अध्याय–3 (1)	(क) कौशल विकास भत्ता योजना, 2013	10–13
		(ख) मॉडल कैरियर सैन्टर	13–14
	(2)	(क) रोज़गार शाखा	14–16
		(ख) बेरोज़गारी भत्ता योजना,2017	16–18
		(ग) विशेष रोज़गार कक्ष(विकंलागो हेतु)	18
		(घ) केन्द्रीय रोज़गार कक्ष की गतिविधियां	18–19
		(ड़) रोज़गार बाजार सूचना कार्यक्रम	19–23
4.	अध्याय–4	श्रम खण्ड	23–35
5.	अध्याय–5	श्रम न्यायालय एंव औधोगिक न्याय प्राधिकरण	35–37
6.	अध्याय–6	बजट/वास्तविक खर्च वर्ष 2017–18	37–39
7.	अध्याय–7	सूचना का अधिकार अधिनियम,2005 के अर्न्तगत अधिसूचना दिनांक 10–4–2007	39–44
8.	अध्याय–8	सूचना का अधिकार अधिनियम के अर्न्तगत 31 मार्च 2018 की स्थिति दर्शाती विभागीय ए0पी0आई0ओ0,पी0आई0ओ0 व एपीलेट अथोरिटी का विवरण	44–54

श्रम एवं रोज़गार विभाग की वित्त वर्ष 2017–2018 की वार्षिक प्रशासनिक रिपोर्ट

अध्याय–1

परिचय

श्रम एवं रोज़गार विभाग, वर्ष 1972 से एक अलग विभाग के रूप में अस्तित्व में आया है तब से हिमाचल प्रदेश के मित्रतापूर्ण, परिश्रमी एवं आशावादी लोगों की सेवा में दृढ़ संकल्प होकर कार्य कर रहा है।

श्रम एंव रोज़गार विभाग, हिमाचल प्रदेश के लोगों के लिये तीन स्तरों पर सेवाए उपलब्ध करवाता हैः–

1. **रोज़गार प्राप्ति से पहले सेवाएंः–** विभाग अपने रोजगार कार्यालयों के माध्यम से प्रदेश के युवाओं को कौशल विकास तथा जीविका परामर्श/व्यवसायिक मार्गदर्शन से सम्बन्धित सेवाएं उपलब्ध करवाता है। इसके तहत पात्र युवा आवेदकों को 1000/–रूपये 1500/–रूपये की दर से कौशल विकास भत्ता प्रतिमाह दिया जाता है, जिससे उनकी दक्षता का स्तर बढ़े, तथा वे आसानी से अपनी आजीविका का निर्वाह कर सके।
2. **रोज़गार उपलब्ध करवाने के लिये सेवाएं :–** विभाग प्रदेश में स्थित रोज़गार कार्यालयों के माध्यम से सार्वजनिक क्षेत्र/निजि क्षेत्र के नियोक्ताओं की मांगानुसार पात्र पंजीकृत आवेदक के नामों का सम्प्रेषण करता है। निजि क्षेत्र के नियोक्ताओं की जन–शक्ति की मांग को पूरा करने के लिये केन्द्रीय रोज़गार कक्ष के माध्यम से कैम्पस इन्टरव्यू/रोज़गार मेलों का आयोजन करवाया जाता हैं। इसके अतिरिक्त रोज़गार कार्यालयों (रिक्तियों की अनिवार्य अधिसूचना) अधिनियम, 1959 को लागू करना तथा उक्त अधिनियम के अन्तर्गत सार्वजनिक/निजी क्षेत्र के नियोक्ताओं से रोजगार के आंकड़े एकत्रित करने का कार्य किया जाता है।
3. **रोज़गार प्राप्ति उपरान्त सेवाएं :–** इसके अर्न्तगत श्रम कानूनों (जिनकी संख्या 28 केन्द्रीय एवं राज्य है) के तहत विभिन्न संस्थानों में कार्यरत कामगारों की सेवा शर्तों, सुरक्षा, कल्याण, सामाजिक सुरक्षा तथा कारखानों में औद्योगिक शान्ति, सोहार्दपूर्ण औद्योगिक सम्बन्ध से सम्बन्धित सेवाएं प्रदान करना, औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 के अन्तर्गत श्रमिकों एवं प्रबन्धकों के बीच मामलों को शीघ्रता से निपटाने हेतु स्थापित दो श्रम न्यायालय एंव औद्योगिक प्राधिकरणों में पूर्णकालिक पीठासीन अधिकारी कार्यरत हैं, जिनका मुख्यालय शिमला व धर्मशाला में स्थित है। कारखाना अधिनियम, 1948 के अन्तर्गत मुख्यतः कारखानों का पंजीकरण, नवीनीकरण तथा उनमें कार्यरत कामगारों की सुरक्षा एवं स्वास्थ्य से सम्बन्धित प्रावधानों का कार्यान्वयन किया जाता है।

श्रम एवं रोज़गार विभाग का संगठनात्मक ढांचा तथा वर्ष 2017–2018 में इस विभाग द्वारा चलाये गये कार्यक्रमों का ब्यौरा, बजट विवरण एंव सूचना का अधिकार अधिनियम से सम्बन्धित सूचना इस प्रशासनिक रिपोर्ट के अगले भागों में दी गयी है।

अध्याय–2

श्रम एवं रोज़गार विभाग का संगठनात्मक ढांचा

2017–18 में श्रम एवं रोज़गार विभाग ने माननीय उद्योग श्रम एवं रोज़गार मंत्री की देख रेख में कार्य किया जो इस विभाग के प्रभारी मन्त्री हैं। सरकार स्तर पर सचिवालय में प्रधान सचिव (श्रम एवं रोज़गार) तथा अवर सचिव (श्रम एवं रोज़गार) द्वारा सहयोग दिया गया।

श्रम एवं रोज़गार विभाग के निदेशालय स्तर पर श्रमायुक्त एवं निदेशक रोज़गार ''विभागाध्यक्ष'' के रूप में कार्यरत हैं।

निदेशालय स्तर पर विभाग मुख्यतः तीन भागों में विभाजित हैः–

1. (क) निदेशालय स्तर पर श्रम खण्ड का कार्य श्रमायुक्त की देखरेख में संयुक्त श्रमायुक्त एवं उप–श्रमायुक्त द्वारा संचालित किया जाता है। कारखाना अधिनियम, 1948 के अर्न्तगत श्रमायुक्त को ''मुख्य कारखाना निरीक्षक'' घोषित किया गया हैं तथा संयुक्त–श्रमायुक्त ''अतिरिक्त मुख्य कारखाना निरीक्षक'' एंव उप–श्रमायुक्त ''उप मुख्य कारखाना निरीक्षक'' घोषित किये गये हैं।

(ख) कारखाना अधिनियम, 1948 को कार्यान्वित करने के लिये दो उप निदेशक कारखाना के पद सृजित हैं जिनमें से एक शिमला में तथा एक ऊना में स्वीकृत है। एक पद सहायक निदेशक (कारखाना) रसायन का रिक्त है।

इन का कार्यक्षेत्र निम्न प्रकार से विभाजित हैः–

1. उप निदेशक कारखाना–शिमला
   जिला–शिमला, किन्नौर, बिलासपुर, सोलन (बद्दी, बरोटीवाला, नालागढ के औद्योगिक क्षेत्र को छोडकर)।

2. उप निदेशक कारखाना, ऊना
   जिला–कांगडा, चम्बा, ऊना, हमीरपुर, मण्डी, कुल्लु, लाहौल–स्पीति व सिरमौर तथा बद्दी, बरोटीवाला तथा नालागढ़ का औद्योगिक क्षेत्र।
   उप निदेशक (कारखाना) शिमला, निदेशालय का कार्य जो कि कारखाना खण्ड से सम्बन्धित है, भी देख रहे हैं।

(ग) इसी प्रकार निदेशालय स्तर पर रोज़गार से सम्बन्धित कार्य–कलापों के लिये निदेशक रोज़गार की देख रेख में उप–निदेशक रोज़गार, तथा रोज़गार अधिकारी (केन्द्रीय रोज़गार कक्ष) कार्यरत रहे हैं जो कि रोज़गार शाखा, राज्य व्यावसायिक मार्गदर्शन कार्यक्रम, अपंगो हेतु विशेष रोज़गार कक्ष, कौशल विकास भत्ता योजना शाखा तथा केन्द्रीय रोज़गार कक्ष के कार्यों की देखरेख करते हैं।

2. श्रम एवं रोजगार विभाग के अधीनस्थ कार्यालयों का विवरणः

(क) श्रम कानूनों को लागू करने के लिये 12 श्रम अधिकारी तथा 33 श्रम निरीक्षक नियुक्त हैं। श्रम अधिकारी तथा उनके कार्यक्षेत्र का विवरण निम्न प्रकार से हैः–

1. श्रम अधिकारी, शिमला	उप–मण्डल शिमला (शहरी एंव ग्रामीण), उप मण्डल चौपाल एंव ठियोग तहसील
2. श्रम अधिकारी, रामपुर	रामपुर, रोहडू तथा डोडरा–क्वार उप–मण्डल तथा कुमारसैन तहसील जिला शिमला तथा उप–मण्डल आनी जिला कुल्लू
3. श्रम अधिकारी, सोलन	उप–मण्डल सोलन, कण्डाघाट, अर्की तथा कसौली तहसील (बद्दी–बरोटीवाला औद्योगिक क्षेत्र को छोडकर)
4. श्रम अधिकारी, बद्दी	तहसील नालागढ़ तथा औद्योगिक क्षेत्र बद्दी बरोटीवाला
5. श्रम अधिकारी, नाहन	जिला सिरमौर
6. श्रम अधिकारी, मण्डी	जिला मण्डी
7. श्रम अधिकारी, कुल्लू	जिला कुल्लु,(उप–मण्डल आनी को छोड़कर) उदयपुर तथा केलांग उप–मण्डल
8. श्रम अधिकारी, किन्नौर	जिला किन्नौर व उप मण्डल काजा
9. श्रम अधिकारी, धर्मशाला	जिला कांगडा
10.श्रम अधिकारी, चम्बा	जिला चम्बा
11.श्रम अधिकारी, बिलासपुर	जिला बिलासपुर एवं हमीरपुर
12.श्रम अधिकारी, ऊना	जिला ऊना

(ख) कारखाना अधिनियम, 1948 के अर्न्तगत प्रदेश को दो खण्डों में विभाजित किया गया है। इनमें से एक खण्ड का मुख्यालय शिमला में स्थापित है जबकि दूसरे खण्ड का मुख्यालय ऊना में स्थापित है।

(ग) रोज़गार खण्ड में 3 क्षेत्रीय रोज़गार कार्यालय, 2 विश्वविद्यालय रोज़गार सूचना एवं मार्गदर्शन ब्यूरो, 9 जिला रोज़गार कार्यालय तथा 62 उप–रोज़गार कार्यालय कार्यरत हैं, जिनका विवरण निम्न है :–

क्रमांक	कार्यालय का नाम	अधीनस्थ कार्यालय का विवरण
1.	क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय, शिमला	कुमारसैन, मशोबरा, ठियोग, रामपुर–बुशैहर, रोहडू, जुब्बल, सुन्नी, चौपाल, चिड़गांव, डोडराक्वार तथा कुपवी
2.	क्षेत्रीय रोज़गार कार्यालय, मण्डी	सुन्दरनगर, जोगिन्द्रनगर, करसोग, सरकाघाट, गोहर, पधर तथा नेरचौक
3.	क्षेत्रीय रोज़गार कार्यालय, धर्मशाला	पालमपुर, ज्वाली, नूरपुर, लम्बागांव, नगरोटा–सूरियॉ, बैजनाथ, इन्दौरा, बडोह, देहरा, फतेहपुर, डाडासीबा, कॉंगड़ा, ज्वालामुखी तथा नगरोटा–बगवां
4.	जिला रोज़गार कार्यालय चम्बा	डलहौजी, भरमौर, पांगी, चुवाड़ी, तीसा एवं सलूणी स्थित सुन्डला
5.	जिला रोज़गार कार्यालय, हमीरपुर	नदौन, भौरंज, बडसर एवं सुजानपुर
6.	जिला रोज़गार कार्यालय, बिलासपुर	घुमारवीं एवं श्री नैना देवी जी
7.	जिला रोज़गार कार्यालय, कुल्लु	बंजार एवं आनी
8.	जिला रोज़गार कार्यालय, सोलन	नालागढ, अर्की,कसौली एवं बद्दी
9.	जिला रोज़गार कार्यालय, नाहन	पांवटा–साहिब, राजगढ़, शिलाई, संगड़ाह, सराहां एवं कमराऊ
10.	जिला रोज़गार कार्यालय, केलॉग	काज़ा एवं उदयपुर
11.	जिला रोज़गार कार्यालय किन्नौर स्थित रिकांग पीओ	पूह एवं निचार
12.	जिला रोज़गार कार्यालय, ऊना	अम्ब एंव हरोली

13.	सूचना एंव मार्गदर्शन केन्द्र हि0 प्र0 विश्वविद्यालय, शिमला	इस कार्यालय के अधीन कोई कार्यालय नहीं है।
14.	सूचना एंव मार्गदर्शन केन्द्र हि0 प्र0 विश्वविद्यालय, पालमपुर	–यथोपरि –
15.	निदेशालय श्रम एंव रोज़गार में स्थित	केन्द्रीय रोज़गार कक्ष
16.	निदेशालय श्रम एंव रोज़गार में स्थित	विशेष रोज़गार कार्यालय (अपंगों हेतु)

3. वर्ष 2017–2018 में श्रम एवं रोज़गार विभाग में अधिकारियों/कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति/नियुक्ति तथा पदोन्नति का विवरणः

1	**नई नियुक्तियां**	
1.)	जुनियर आफिस एसीस्टैंट(आई.टी.) अनुबन्ध आधार पर	25
2.)	चपड़ासी दैनिक वेतन भोगी	1
2	**पदोन्नतियां**	
1.)	अधीक्षक ग्रेड–I	1
2.)	जिला रोज़गार अधिकारी	5
3.)	श्रम अधिकारी	1
4.)	अधीक्षक ग्रेड–II	1
5.)	रोज़गार अधिकारी	2
6.)	श्रम निरीक्षक	1
3	**दैनिक वेतन भोगी से नियमित किये गये चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी**	30
4	**अनुबन्ध कर्मचारियों से नियमित किये गये कर्मचारी–तृतीय श्रेणी**	28
5	**लिपिकों से कनिष्ठ सहायक में पदस्थापित किये गये कर्मचारी**	10
6	**सेवानिवृत**	
1.)	प्रथम श्रेणी	2
2.)	द्वितीय श्रणी	5
3.)	तृतीय श्रेणी	5
4.)	चतुर्थ श्रेणी	1

श्रम एवं रोज़गार विभाग में दिनांक 31–3–2018 तक कुल 471 पद स्वीकृत हैं जिनमें से 130 पद रिक्त है जिनका ब्यौरा निम्न प्रकार से है:–

क्रमांक	पद का नाम	स्वीकृत पद	भरे पद	रिक्त पद	खाली पदों की प्रतिशतता
1.	श्रमायुक्त एवं निदेशक रोज़गार (भा॰प्र॰से॰)	1	1	–	
2.	पीठासीन अधिकारी	2	2	–	
3.	संयुक्त श्रमायुक्त	1	1	–	
4.	उप श्रमायुक्त	1	1	–	
5.	उप निदेशक रोज़गार	1	–	1	
6.	उप निदेशक कारखाना	2	1	1	
7.	सहायक निदेशक कारखाना (कैमिकल)	1	–	1	
8.	जिला रोज़गार अधिकारी	13	9	4	
9.	अधीक्षक ग्रेड– I	1	1	–	
11.	श्रम अधिकारी	12	11	1	
11.	रोज़गार अधिकारी	16	10	6	
12.	विधि अधिकारी	1	–	1	
13.	निजि सहायक	1	–	1	
14.	अधीक्षक ग्रेड– II	12	9	3	
15.	वरिष्ठ आशुलिपिक	2	2	–	
16.	वरिष्ठ सहायक	62	34	28	
17.	सांख्यिकीय सहायक	11	3	8	
18.	श्रम निरीक्षक	33	27	6	
19.	प्रोग्राम प्लानिंग आफिसर	1	1	–	
20.	कनिष्ठ आशुलिपिक	1	–	1	
21.	आशुटंकक	4	4	–	
22.	चालक	5	5	–	
23.	लिपिक/कनिष्ठ सहायक/जूनियर ऑफिस एसीस्टैंट	154	94	60	
24.	दफ्तरी	4	1	3	
25.	चौकीदार	13	13	–	

26.	चपड़ासी	115	110	5	
27.	फ्राश	1	1	—	
	जोड़	**471**	**341**	**130**	**27.60**

श्रम एवं रोज़गार विभाग के अर्न्तगत बनाये जा रहे भवनों का विवरणः

श्रम एवं रोज़गार विभाग, हिमाचल प्रदेश के अधीन 109 कार्यालय कार्यरत हैं।

(क) विभागीय 24 कार्यालय जो सरकारी भवनों में हैंः—

श्रम न्यायालय एवं औद्योगिक प्राधिकरण शिमला तथा धर्मशाला, क्षेत्रीय रोज़गार कार्यालय मण्डी तथा शिमला, विश्वविद्यालय रोज़गार सूचना एंव मार्गदर्शन ब्यूरो शिमला एंव पालमपुर जिला रोज़गार कार्यालय चम्बा, तथा रिकांग—पीओ, श्रम अधिकारी कार्यालय मण्डी, बद्दी तथा रामपुर बुशैहर, श्रम निरीक्षक कार्यालय रामपुर बुशैहर, मण्डी, परवाणु, नालागढ, बद्दी, तथा पांवटा साहिब एवं उप रोज़गार कार्यालय रामपुर बुशैहर, नालागढ, भरमौर, डोडरा—क्वार, काज़ा एंव चिड़गांव, हरोली।

(ख) विभागीय 49 कार्यालय जो विभागीय भवनों में हैः—

श्रम एवं रोज़गार निदेशालय शिमला, उप—निदेशक कारखाना शिमला, उप—निदेशक कारखाना ऊना, विशेष रोज़गार कक्ष (अपंगों हेतु), केन्द्रीय रोज़गार कक्ष, क्षेत्रीय रोज़गार कार्यालय धर्मशाला, जिला रोज़गार कार्यालय ऊना, बिलासपुर, नाहन, कुल्लु व सोलन, श्रम कार्यालय धर्मशाला, बिलासपुर, कुल्लू व सोलन, एंव श्रम निरीक्षक कार्यालय, धर्मशाला, बिलासपुर, कुल्लु, अम्ब, सुन्दरनगर, पालमपुर, देहरा, नूरपुर, नाहन, नालागढ़ व सोलन तथा उप—रोज़गार कार्यालय पांगी, तीसा, अम्ब, सराहां, बैजनाथ, पालमपुर, देहरा, इन्दौरा, जोगिन्द्रनगर, करसोग, सरकाघाट, सुन्दरनगर, पूह, संगड़ाह, सुजानपुर टिहरा, ज्वाली, राजगढ़, चुवाडी फतेहपुर एंव चौपाल, उदयपुर एंव नालागढ़।

(ग) विभागीय जिला रोज़गार कार्यालय, ऊना को मॉडल कैरियर सैन्टर बनाया गया है।

शेष कार्यालय निजी भवनों में स्थित हैं।

वित्त वर्ष 2017–18 में विभागीय भवन निर्माण हेतु प्राप्त बजट व खर्च़ का ब्यौरा :

(राशि रूपये में)

क्रम संख्या	कार्यालय का नाम	प्राप्त प्राकलन	आबंटित बजट
1.	उप–रोज़गार कार्यालय, लम्बागांव जिला कॉगड़ा, हि0 प्र0।	रू0 46,32,700/–	36,00,000/–
2.	उप–रोज़गार कार्यालय, सरकाघाट जिला मण्डी (अतिरिक्त कमरों के निर्माण हेतु)	रू0 4,99,000/–	4,00,000/–
3.	उप–रोज़गार कार्यालय, नादौन जिला हमीरपुर, हि0 प्र0।	रू0 65,14,300/–	20,00,000/–
4.	उप–रोज़गार कार्यालय, नगरोटा–सूरियां जिला कॉगड़ा, हि0 प्र0।	रू0 40,23,500/–	15,00,000/–
	वित्त वर्ष 2017–18 में कुल प्राप्त बजट :– रू0 75,00,000/–		**वित्त वर्ष 2017–18 में कुल खर्च़ बजट :– रू0 75,00,000/–**

नोटः–तालिका में अंकित कार्यालय उपरोक्त वर्णित कार्यालयों में ही सम्मिलित है।

अध्याय–3

जैसा कि इसी वार्षिक प्रशासनिक प्रतिवेदन के परिचय में वर्णित है विभाग हिमाचल प्रदेश की जनता को तीन स्तरों पर सेवाएं प्रदान करता है।

(1) रोज़गार प्राप्ति से पहले सेवाएं

(क) कौशल विकास भत्ता योजना, 2013:–

- स्किल डवैलपमैन्ट अलाउंस स्कीम 2013 अर्थात कौशल विकास भत्ता योजना को हि0प्र0 सरकार द्वारा अधिसूचना संख्या–श्रम(डी) 1–2/2013 दिनांक 21.5.2013 द्वारा अधिसूचित किया गया तथा अधिसूचना की तिथि से लागू किया जा रहा है।

- **योजना का उद्देश्यः** कौशल विकास भत्ता योजना का उद्देश्य हि0 प्र0 के पात्र बेरोज़गार युवाओं को उनके कौशल विकास हेतु भत्ता प्रदान करना है, ताकि युवा अपने कौशल का विकास कर पाये और अपनी रूचि के क्षेत्र में रोज़गार या स्वरोज़गार अर्जित करने हेतु समर्थ हों।

- **कौशल विकास भत्ते की दरः** योजना के अर्न्तगत पात्र हिमाचली आवेदकों को रु0 1000/– प्रतिमाह की दर से व 50 प्रतिशत या इससे अधिक स्थायी विकलांग आवेदकों को रु0 1500/– प्रतिमाह की दर से कौशल विकास भत्ता प्रशिक्षण के दौरान अधिकतम दो वर्ष तक देय है।

- **कौशल विकास भत्ता हेतु पात्रता शर्तेंः** कौशल विकास भत्ता हेतु पात्रता शर्तें निम्न लिखित हैंः

    1. आवेदक हिमाचल प्रदेश का वास्तविक निवासी हो,
    2. बेरोजगार (न सरकारी, न निजी रोज़गार, न ही स्वरोजगार) हो,
    3. कम से कम 8वीं पास हो (मिस्त्री, बढ़ई, लुहार व पलम्बर आदि में प्रशिक्षण हेतु शैक्षणिक योग्यता अनिवार्य नहीं है),
    4. आयु 16 से लेकर 36 वर्ष से कम,
    5. पारिवारिक वार्षिक आय 2 लाख रुपये से कम,
    6. आवेदन की तिथि को आवेदक हि0प्र0 के किसी रोज़गार कार्यालय में पंजीकृत होना चाहिये,
    7. सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त कौशल विकास पाठ्यक्रम में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहा/रही हो।

- **कौशल विकास भत्ता तथा लाभार्थियों का विवरणः** योजना के प्रारम्भ से दिनांक 31–03–2018 तक 2,16,254 अभ्यर्थियों को ₹ 194 करोड़ की राशि कौशल विकास भत्ते के रुप में विभाग द्वारा वितरित की जा चुकी है।

वित्तीय वर्ष 2013–14, 2014–15, 2015–16, 2016–17 तथा 2017–18 के दौरान दिए गए भत्ते तथा लाभार्थियों की संख्या बारे विवरणः

वित्तीय वर्ष	लाभार्थियों की संख्या	प्रदान किए गए भत्ते की राशि ₹ में
2013–14	42,077	13,96,48,500
2014–15	52,815 (21,126 ऐसे लाभार्थी हैं जो पिछले वित्तीय वर्ष से जारी कर रहे हैं और 31,689 आवेदक इस वित्तीय वर्ष में इनरोल किए गए।)	28,69,15,854
2015–16	67,753 (जिनमें कि 27,221 अभ्यर्थी पिछले वित्तीय वर्षों से जारी कर रहे हैं तथा 40,532 इस वित्तीय वर्ष के नए अभ्यर्थी हैं)	40,00,74,500

2016–17	80,606 (जिनमें कि 28,729 अभ्यर्थी पिछले वित्तीय वर्षों से जारी कर रहे हैं तथा 51,877 इस वित्तीय वर्ष के नए अभ्यर्थी हैं)	53,68,09,731
2017–18	90,428 (जिनमें कि 40,349 अभ्यर्थी पिछले वित्तीय वर्षों से जारी कर रहे हैं तथा 50,079 इस वित्तीय वर्ष के नए अभ्यर्थी हैं)	58,46,26,000
कुल	**2,16,254**	**1,94,80,74,585**

- **योजना के प्रारम्भ से दिनांक 31–03–2018 तक जिलाबार ब्यौरा निम्न प्रकार से हैं:**

क्र0 सं0	**जिला का नाम**	**कुल लाभार्थी**	**वितरित भत्ता राशि ₹ में**
1	कांगड़ा	57722	539566500
2	मण्डी	28983	237740500
3	सिरमौर	23155	196515500
4	ऊना	19334	190983354
5	हमीरपुर	18617	173019500
6	कुल्लू	15756	142777000
7	बिलासपुर	13881	116931500
8	चम्बा	12628	115496500
9	शिमला	12912	113680631
10	सेलन	12044	108777600
11	किन्नौर	947	9723500
12	लाहौल स्पिति	275	2862500
	कुल	**2,16,254**	**1,94,80,74,585**

- **कौशल विकास भत्ता योजना के अन्तर्गत मान्य प्रशिक्षणः** कौशल विकास भत्ता योजना के अर्न्तगत मान्य प्रशिक्षणों बारे गाईडलाईन्ज/सूची तैयार की गई। इन गाईडलाईन्ज को सरकार द्वारा अनुमोदित किया गया है जो कि विभागीय वैबसाईट पर उपलब्ध है। इन गाईडलाईन्ज अनुसार **कौशल विकास भत्ता योजना के अन्तर्गत मान्य प्रशिक्षण मुख्यतः**

(1) औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों, पॉलीटैक्नीकल कॉलेजों द्वारा दिए जा रहे डिप्लोमा प्रशिक्षण व सर्टिफिकेट कोर्स, एन0एस0क्यू0एफ0 (NSQF), एन0सी0वी0टी0 (NCVT) एस0सी0 वी0टी0 (SCVT) तथा सरकार द्वारा अनुमोदित डिप्लोमा सर्टिफिकेट प्रशिक्षण व कोर्स।

(2) राष्ट्रीय होटल प्रबन्धन कौसिंल से मान्यता प्राप्त होटल प्रन्धन व होस्पीटीलिटी में डिप्लोमा व सर्टिफिकेट प्रशिक्षण व कोर्स,

(3) कम्पयूटर व सूचना प्रौद्योगिकी में सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों द्वारा करवाए जा रहे डिप्लोमा प्रमाण–पत्र प्रशिक्षण, सरकार व इसके निकायों द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थानों और राष्ट्रीय स्तर के निजी क्षेत्र के संस्थान जिनमें कि राष्ट्रीय सूचना एंव प्रौद्योगिकी संस्थान (NIIT), एप्टैक (Aptech), जैटकिंग (Jetking), ए0आई0एस0ई0सी0टी0 (AISECT), हिन्दुस्तान कम्पयूटर्ज समिति (HCL) शामिल हैं द्वारा कम्पयूटर व सूचना प्रौद्योगिकी में करवाए जा रहे डिप्लोमा प्रमाण पत्र प्रशिक्षणों के अतिरिक्त,

(4) जिला स्तरीय समितियों द्वारा प्राधिकृत संस्थानों के मुख्यतः कटिंग टेलरिंग, ब्यूटीशियन, कढ़ाई बुनाई, फैशन डिज़ाइनिंग, सॉफ्ट टॉय मेकिंग, मोबाईल रिपैयर, चम्बा रुमाल ईम्ब्रोयडरी, मूर्ति कला, बैम्बू आर्टिकल, इलैक्ट्रीशियन, हैन्डलूम, शोर्ट हैन्ड टाइपिगं आदि में दिए जा रहे प्रशिक्षण जो कि युवाओं को स्वंय रोजगार उपलब्ध करवाने में सहायक हैं, योजना के अन्तर्गत मान्य है।

(5) नर्सिंग क्षेत्र में रोजगार की अधिक सम्भावनाओं के अनुरुप नर्सिंग में डिप्लौमा व सर्टिफिकेट प्रशिक्षण के अलावा बी0एस0सी0 नर्सिंग एंव नर्सिंग में अन्य स्नातक प्रशिक्षणों जो सरकारी व सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थानों से किया जा रहा हो को भी योजना के अन्तर्गत अप्रैल 2015 से शामिल किया गया है।

(6) इसके अतिरिक्त हि0 प्र0 सरकार द्वारा हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के चुनिन्दा महाविद्यालयों द्वारा **B. Voc. Education (Retail Management and Tourism & Hospitality)** को भी फरवरी, 2017 से योजना के अर्न्तगत शामिल किया गया है।

इस समय लगभग 1100 से अधिक प्रशिक्षण संस्थानों/निकायों (सरकारी संस्थाओं तथा सरकार से मान्यता प्राप्त गैर सरकारी संस्थानों और प्रशिक्षण संस्थान जिन्हें कि जिला स्तरीय समितियों द्वारा इम्पैनल किया गया है) द्वारा करवाए जा रहे डिप्लोमा या प्रमाण–पत्र प्रशिक्षण योजना के अन्तर्गत मान्य है। प्रशिक्षण संस्थानों/निकायों बारे सूचना भी विभागीय वैबसाईट पर भी उपलब्ध है।

कौशल विकास भत्ते का भुगतानः कौशल विकास भत्ते का भुगतान विभाग द्वारा पात्र प्रशिक्षणार्थियों को सीधा उनके बैंक खातों में **RTGS (Real Time Gross Settlement System)** के माध्यम से अदा किया जाता है।

(ख) युवाओं के व्यावसायिक तथा जीविका मार्गदर्शन के लिये आदर्श आजीविका केन्द्र (Model Career Centers) की स्थापना :–

सरकार व विभाग की प्राथमिकताओं में युवाओं को आदर्श आजीविका परामर्श/मार्गदर्शन सेवाएं प्रभावी ढंग से प्रदान भी हैं, ताकि उन्हें अपनी पसन्द का रोज़गार प्राप्त करने

में सक्षम बनाया जा सके। इस आशय से जिला स्तर के रोज़गार कार्यालयों को भी क्रमबद्ध तरीके से आदर्श आजीविका केन्द्रों (Model Career Centers) में, भारत सरकार तथा एशियन डवैलपमैंट बैंक की सहायता से, परिवर्तित करने बारे प्रक्रिया चल रही है।

जिला रोज़गार कार्यालय ऊना को आदर्श आजीविका केन्द्र में परिवर्तित किया जा चुका है तथा अन्य जिला रोज़गार कार्यालयों तथा उप रोज़गार कार्यालय बद्दी को आदर्श आजीविका केन्द्र में एशियन डवैलपमेंट बैंक तथा भारत सरकार की सहायता से क्रमबद्ध तरीके से परिवर्तित किया जा रहा है/किया जाना प्रस्तावित है।

रोज़गार कार्यालयों का आधुनिकीकरण जैसी परियोजना हिमाचल में पहली बार शुरू हो रही है। यह आदर्श आजीविका केन्द्र, हिमाचल प्रदेश के स्कूलों, कॉलेजों तथा व्यावसायिक प्रशिक्षण केन्द्रों में आजीविका मार्गदर्शन की सेवाएं प्रदान करेंगे।

रोज़गार कार्यालय ऊना तथा शिमला में Young Professionals को भी नियुक्त किया जा चुका है जो इन जिलों के बेरोज़गार युवाओं को आदर्श आजीविका परामर्श/मार्गदर्शन की सेवाएं प्रदान कर रहे है।

(2) व्यावसायिक मार्गदर्शन संगठन तथा रोज़गार परामर्शः–

श्रम एवं रोज़गार विभाग के अधीन इस समय चार व्यावसायिक मार्गदर्शन केन्द्र स्थापित हैं जिनमें से एक निदेशालय में स्थित राज्य व्यावसायिक मार्गदर्शन केन्द्र है तथा शेष तीन केन्द्र क्षेत्रीय रोज़गार कार्यालय शिमला, मण्डी व धर्मशाला में स्थित हैं। इसके अतिरिक्त दो विश्वविद्यालय रोज़गार सूचना एवं मार्गदर्शन केन्द्र, पालमपुर व शिमला में स्थित हैं। इन केन्द्रों द्वारा रोज़गार के सन्दर्भ में आवेदकों का पंजीकरण व उनको व्यावसायिक मार्गदर्शन प्रदान किया जाता है। हिमाचल प्रदेश सरकार ने अधिसूचना संख्याः श्रम (एम्प) 16/6/93–1, दिनांकः 31–1–2006 द्वारा जिला स्तर पर सूचना एंव मार्गदर्शन केन्द्रों की स्थापना उपायुक्त की अध्यक्षता में की है। जिसका कार्य आवेदकों को राज्य के सरकारी/निजी क्षेत्र में रोजगार व स्व–रोज़गार सहायता प्रदान करना है। प्रदेश के प्रतिष्ठानों व शिक्षण संस्थानों में व्यावसायिक मार्गदर्शन कैम्पों का आयोजन किया जाता है। 1–4–2017 से 31–3–2018 तक इन व्यावसायिक केन्द्रों तथा अधीनस्थ रोज़गार कार्यालयों द्वारा व्यावसायिक मार्गदर्शन से सम्बन्धित निम्न कार्य किये गयेः–

वर्ष 2017–18 में विभाग को व्यावसायिक मार्गदर्शन के लिये ₹3,00,000.00 का बजट आबंटित किया गया तथा इस वित्त वर्ष में 269 व्यावसायिक मार्गदर्शन कैम्प आयोजित किये गये। (जिला रोज़गार अधिकारियों द्वारा 221 तथा उप–क्षेत्रीय रोज़गार अधिकारी, अनु0 जाति/अनु0 जन जाति हेतु अध्यापन सह मार्गदर्शन केन्द्र मण्डी द्वारा 48)। केन्द्र सरकार के सहयोग से जिला मुख्यालय मण्डी में अनुसूचित जाति एंव अनुसूचित जन–जाति के युवाओं के लिये प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई है, जिसमें हिन्दी व अंग्रेज़ी में टंकण, आशुलिपि तथा कम्पयूटर में निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाता है। इस वित्तीय वर्ष में 150 लोगों को प्रशिक्षिण दिया गया है। स्टेशनरी छपवाने के लिये ₹ 2,36,000.00 का बजट प्रावधान रखा गया था। जिस से 1,80,000 फार्म, 2,00,000 X-1 व 50,000 X-10 तथा कार्यालय में प्रयोग होने वाले अन्य फार्म छपवाये गये और पूरे बजट को व्यय किया गया।

2 रोज़गार उपलब्ध करवाने के लिये सेवाएं

(क) रोज़गार शाखाः–

हिमाचल प्रदेश में इस समय 3 क्षेत्रीय रोज़गार कार्यालय, 9 जिला रोजगार कार्यालय, 2 विश्वविद्यालय रोज़गार सूचना एवं मार्गदर्शन केन्द्र व 62 उप–रोज़गार कार्यालय कार्यरत

हैं। ये रोज़गार कार्यालय अभ्यर्थियों/जनता को पंजीकरण, सेवा नियोजन, व्यावसायिक मार्गदर्शन सूचना देने में सहायता करते हैं व रोजगार बाजार सूचना भी एकत्रित करते हैं। हिमाचल प्रदेश सरकार ने फौरन इम्पलायमैंट एण्ड मैनपावर एक्सपोर्ट ब्यूरो का निदेशालय श्रम एंव रोज़गार में गठन किया है ताकि विदेश जाने के इच्छुक कामगारों का प्राईवेट एजेन्टों से होने वाले शोषण से उन्हें बचाया जा सके।

1–4–2017 से 31–3–2018 तक विभाग द्वारा की गई उपलब्धियॉः

क्र• स•	जिला	पंजीकरण	अधिसूचित रिक्तियॉ	सम्प्रेषण	सेवा नियोजन		सजीव पंजीका (पंजीकृत आवेदकों की संख्या)	नियोजित आवेदक
					सरकारी क्षेत्र	निजि क्षेत्र		
1	बिलासपुर	14634	3300	4035	4	199	53664	203
2	चम्बा	14627	7	2138	57	246	56193	303
3	हमीरपुर	18189	101	6914	95	92	66645	187
4	काँगड़ा	39208	88	21243	680	510	188440	1190
5	किन्नौर	2615	0	413	0	0	9360	0
6	कुल्लू	9576	0	2588	11	174	46390	185
7	लाहौल स्पिति	1433	5	289	1	0	4633	1
8	मण्डी	38526	80	5463	116	309	148037	425
9	शिमला	18795	2003	5825	326	137	81185	463
10	सिरमौर	14893	679	4327	14	23	56891	37
11	सोलन	13940	1621	5906	45	408	59355	453
12	ऊना	20228	259	13171	184	510	63291	694
	दिव्यांग आवेदक	(2537)	319	1329	63	0	(17596)	63
	जॉव फेयर	0	0	0	0	1093	0	1093
	जोड़	2,06,664	8462	73641	1596	3701	834084	5297

शिक्षावार विभाजन

स्नातकोत्तर	73077
स्नातक	132186
दसवीं व ऊपर स्नातक से कम	586453
दसवीं से कम पढे लिखे	40819
अनपढ़	1549
कुल योग	**834084**

जातिवार विभाजन

अनुसूचित जाति	201262
अनुसूचित जनजाति	47901
ओ॰बी॰सी॰	101440
अन्य	483481
कुल योग	**834084**

स्त्री/पुरूष विभाजन

पुरूष	476666
स्त्री	357418
कुल योग	**834084**

शहरी ग्रामीण विभाजन

शहरी	217600
ग्रामीण	616484
कुल योग	**834084**

बेरोजगारी भत्ता योजना–2017 (1–4–2017 से 31–3–2018) तक

हिमाचल प्रदेश सरकार ने प्रदेश के बेरोज़गार युवाओं हेतु बेरोज़गारी भत्ता योजना माह अप्रैल, 2017 में अधिसूचित कर दी थी तथा माननीय मुख्यमंत्री हि0 प्र0 ने 15–4–2017 को इसका शुभारम्भ चम्बा में कर दिया था। इस योजना के तहत शारीरिक रूप से अक्षम व्यक्ति (कम से कम 50 प्रतिशत स्थाई विकलांगता) के लिए ₹ 1500/–(रू0 एक हज़ार पांच सौ) प्रतिमाह की दर से तथा अन्य सभी श्रेणियों के आवेदकों को ₹ 1000/– (रू0 एक हज़ार) प्रतिमाह की दर से कुल 2 वर्ष की अवधि हेतु भत्ता देय है। इस योजना के तहत भत्ता प्राप्त करने की पात्रता की शर्तें निम्न प्रकार से हैं–

इस योजना के दृष्टिगत वे सभी शिक्षित बेरोज़गार आवेदक बेरोज़गारी भत्ता के पात्र होंगे, जो निम्नलिखित मानदंड पूर्ण करते होः

(क) आवेदक बेरोजगार होना चाहिए (अर्थात न सार्वजनिक, न निजि क्षेत्र और न ही स्वरोज़गार में हो) और हिमाचल का स्थाई निवासी होना चाहिए।
(ख) आवेदक हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा मान्यता बोर्ड से कम से कम 12वीं कक्षा उतीर्ण हो।
(ग) आवेदन करने की तिथि को एक वर्ष पहले से आवेदक हिमाचल प्रदेश के किसी रोज़गार कार्यालय में पंजीकृत होना चाहिए।
(घ) आवेदन करने की तिथि से ठीक पूर्व के वित्त वर्ष में सभी स्त्रोतों से आवेदक की पारिवारिक आय ₹ 2.00 लाख (दो लाख) से कम होनी चाहिए, इसमें उसके पति/पत्नि की आय भी शामिल है।
(ड़) आवेदन करने की तिथि को आवेदक की आयु 20 वर्ष से अधिक तथा 35 वर्ष से कम होनी चाहिए।
(च) आवेदक सरकार का बर्खास्त कर्मचारी नहीं होना चाहिए।
(छ) आवेदक किसी ऐसे अपराध में दण्डित न हो जिसकी वजह से 48 घण्टे या इससे अधिक के कारावास की सजा हुई हो।
(ज) आवेदक किसी कोर्स का नियमित छात्र नहीं होना चाहिए।
(झ) आवेदक कौशल विकास भत्ता प्राप्त न कर रहा हो।

योजना की पूरी जानकारी विभागीय वैबसाइट http://admis.hp.nic.in/unemp पर उपलब्ध है तथा पात्र युवा भत्ता प्राप्त करने हेतु ऑनलाइन आवेदन करने उपरान्त आवेदन प्रपत्र और स्व प्रमाणित घोषणा (Self Certified Declaration) प्रपत्र का प्रिंट लेकर तथा वांछित प्रमाण पत्र संलग्न करके सम्बन्धित रोज़गार कार्यालय जहां पर आवेदक का नाम दर्ज है जमा करवाये।

क्र0 स0	जिला	लाभार्थी संख्या	वितरित राशि (रूपये में)
1	मण्डी	3727	28457000
2	काँगड़ा	3857	24970500
3	ऊना	3374	24376500
4	शिमला	2828	20293500
5	कुल्लू	2083	18598500
6	सिरमौर	2567	17314500
7	बिलासपुर	1871	13516500
8	चम्बा	1629	11902500
9	हमीरपुर	1037	6818000
10	सोलन	754	4964000

11	किन्नौर	257	2004000
12	लाहौल स्पिति	145	840500
	जोड़	24129	174056000

(ख) श्रम एवं रोज़गार निदेशालय में स्थापित विशेष रोज़गार कार्यालय (अंपगों हेतु), द्वारा वर्ष 2017–18 में किये गये कार्यकलापों का विवरणः–

सरकार द्वारा विकलांग व्यक्तियों को रोज़गार सहायता प्रदान करने हेतु श्रम एवं रोज़गार निदेशालय में प्रभारी अधिकारी (स्थापना) के अधीन वर्ष, 1976 में विशेष रोज़गार कार्यालय (अपंगों हेतु) की स्थापना की गई है। समाज के इस कमजोर वर्ग को कई प्रकार की सुविधाऐं/रियायतें दी गई है जैसे कि मैडिकल बोर्ड द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षा, सरकारी नौकरियों में उपरी आयु–सीमा में 5 वर्ष की छूट,उपरी अंगों की (हाथ तथा बाजु) अपंगता होने पर टंकण करने की छूट तृतीय व चतुर्थ श्रेणी की रिक्तियों में 4 प्रतिशत का आरक्षण आरक्षित व्यक्तियों के लिए साक्षात्कार में उपस्थित होने के लिए अपंग तथा उसके अनुरक्षकों को यात्रा–भत्ता देने का प्रावधान, केवल महिलाओं के लिए खोले गए औधोगिक प्रशिक्षण संस्थान (गर्ल्ज आईटीआई) सिलाई व कढ़ाई केन्द्र टेलरिंग सैंन्टर में 5 प्रतिशत सीटों का आरक्षण तथा 200 रोस्टर प्वाईंट में आरक्षण का निर्धारण जो कि पहला 30वां, 73वां, 101वां, 130वां व 173वां है। क्रमशः दृष्टिदोष अपंग, श्रवण एंव वाक अपंग तथा अस्थि अपंग व्यक्तियों के लिये किया जाता है। व्यक्ति जिनमें अक्षमतायें हैं, अधिनियम, 1995 के तहत नियोक्ताओं के अभिलेख, रोस्टर प्वांईट को चैक करने के लिए अधिसूचना जारी कर दी गई है। 1–4–2017 से 31–03–2018 तक 2537 अपंग व्यक्तियों का पंजीकरण किया गया जिसके साथ सक्रिय रजिस्टर पर रोजगार सहायता प्राप्त करने के हेतू अपंग आवेदकों की संख्या 17,596 हो गई है।

63 अपंग व्यक्तियों की नियुक्ति हुई है। 319 आरक्षित रिक्तियां अधिसूचित हुई है जिसके प्रति 1329 अपंग प्रत्याशियों के नाम सम्प्रेषित किये गये है।

विशेष रोज़गार कार्यालय (अंपगों हेतु), द्वारा वित्त वर्ष 2017–18 में किये गये कार्यकलापों का विवरण

क्र0सं0	पंजीकरण	अधिसूचित आरक्षित रिक्तियॉ	नियुक्तियों के विरूद्व सम्प्रेषण	सेवा नियोजन	सजीव पंजीका
1	2537	319	1329	63	17,596

(ग) केन्द्रीय रोज़गार कक्ष की गतिविधियॉः–

दिनांक 01–04–2017 से 31–03–2018 तक केन्द्रीय रोज़गार कक्ष द्वारा किये कार्य का लेखा जोखाः–

हिमाचल प्रदेश के इच्छुक युवाओं को रोज़गार उपलब्ध करवाने की कड़ी में केन्द्रीय रोज़गार कक्ष ने वर्ष, 2017–18 में अपने कार्यों को विस्तार देने की कोशिश की है। हिमाचल प्रदेश में स्थित निजि क्षेत्र के नियोक्ताओं की जन–शक्ति की मांग को पूरा करने के प्रयास किये गये।

हिमाचल प्रदेश के दूर दराज श्रेत्रों में स्थित रोज़गार कार्यालयों में कैम्पस इन्टरव्यू (एक नियोक्ता के लिए) करवाये गये ताकि निजि श्रेत्र में कामगारों की मांग को पूरा किया जा सकें। जिसका ब्यौरा निम्नलिखित से हैः–

वर्ष	कैम्पस इन्टरव्यू	सेवा नियोजन
2017–18	180	2694

इसके अतिरिक्त हिमाचल प्रदेश में रोज़गार मेलों (एक से अधिक नियोक्ताओं के लिए) का आयोजन किया गया है जिसका ब्यौरा निम्नलिखित है।

वर्ष	रोज़गार मेलों की संख्या	सेवा नियोजन
2017–18	02	1093

हिमाचल प्रदेश में स्थापित उद्योगों तथा हाईड्रोइलैक्ट्रिक प्रोजैक्टों में हिमाचलियों को 70 प्रतिशत रोज़गार की मोनिटरिंगः विभाग के क्षेत्रीय रोज़गार अधिकारी/जिला रोज़गार अधिकारी/श्रम अधिकारी तथा श्रम निरीक्षकों को निर्देश जारी किये गये हैं कि वे अपनी सामान्य निरीक्षण प्रक्रिया के दौरान उद्योगों तथा जल विद्युत परियोजनाओं में 70 प्रतिशत हिमाचलियों को रोज़गार के विषय को भी देखेंगें। जिन उद्योगों तथा जल–विद्युत परियोजनाओं में 70 प्रतिशत से कम हिमाचलियों को रोज़गार दिया गया है उनकी सूचना उद्योग विभाग तथा एम0पी0पी0 एण्ड पावर विभाग को भेजी जाती है। अभी तक 184 उद्योगों तथा 24 जल विद्युत परियोजनाओं, जिनमें 70 प्रतिशत से कम हिमाचलियों को रोज़गार दिया गया है की सूचना उद्योग विभाग तथा एम0पी0पी0 एण्ड पावर विभाग हिमाचल प्रदेश सरकार को भेजी गई है।

(घ) रोज़गार बाजार सूचना कार्यक्रमः–

रोज़गार बाजार सूचना कार्यक्रम के अर्न्तगत रोज़गार कार्यालय सार्वजनिक क्षेत्र तथा निजी क्षेत्र के रोज़गार से सम्बन्धित सूचना नियमित रुप से एकत्रित करते हैं। रोज़गार बाज़ार सूचना कार्यक्रम के अर्न्तगत प्रदेश में जिला स्तर पर रोज़गार के आंकड़े वर्ष 1960 से एकत्रित किए जा रहे हैं। यह कार्यक्रम भारतीय अर्थ व्यवस्था के संगठित क्षेत्र को ही व्यक्त करता है। जो कि अन्य बातों के साथ–साथ सार्वजनिक क्षेत्र के सभी प्रतिष्ठानों व निजि क्षेत्रों के उन नियोक्ताओं जिनके पास 10 या उससे अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं, और कृषि कार्यक्रम से सम्बन्धित नहीं हैं, उनसे यह सूचना एकत्रित की जाती है। रोज़गार के आंकड़े सार्वजनिक क्षेत्र के सभी नियोक्ताओं और निजि क्षेत्र के उन नियोक्ताओं जिनके पास 25 या उससे अधिक कर्मचारी कार्यरत है, और जो कृषि व्यवसाय से सम्बन्धित नहीं हो, से ऑकड़े रोज़गार कार्यालय (रिक्तियों की अनिवार्य अधिसूचना) अधिनियम, 1959 तथा उसके अर्न्तगत नियम, 1960 के तहत एकत्रित किये जाते हैं। रोज़गार के आंकडे. निजि क्षेत्र के छोटे प्रतिष्ठानों, जिसके पास 10 से 24 कर्मचारी कार्यरत है, से स्वैच्छिक आधार पर एकत्रित किए जाते है। इस विभाग द्वारा यह भी सुनिश्चित किया जा रहा है, कि हिमाचल प्रदेश में स्थापित निजि क्षेत्र की ईकाईयों में अधिक से अधिक हिमाचली युवाओं को रोज़गार प्राप्त हो । रोज़गार कार्यालय द्वारा निजि क्षेत्र की विशेषकर नई ईकाईयों से सम्पर्क स्थापित किया जाता है, व उन्हें रोज़गार कार्यालयों (रिक्तियों की अनिवार्य अधिसूचना) अधिनियम, 1959 तथा नियम, 1960 के अर्न्तगत अनिवार्य रूप से रिक्तियों को अधिसूचित करने बारे सूचित किया जाता है। इस अवधि के दौरान हिमाचल प्रदेश में सार्वजनिक क्षेत्र तथा निजी क्षेत्र के कुल 229 निरीक्षण किए गए हैं।

निजी क्षेत्र	सार्वजनिक क्षेत्र	कुल निरीक्षण
142	87	229

रोज़गार बाज़ार सूचना कार्यक्रम के अर्न्तगत रोजगार की स्थिति का विश्लेषण विभाग द्वारा समय–समय पर भारत सरकार को भेजी गई विवरणियों में किया गया है, जिसका विवरण निम्न प्रकार से हैः–

अवधि त्रैमासान्त	प्रतिष्ठानों की संख्या		अनुमानित रोजगार	
	सार्वजनिक क्षेत्र	निजी क्षेत्र	सार्वजनिक क्षेत्र	निजी क्षेत्र
त्रैमासान्त मार्च/16	4232	1719	283751	161428
त्रैमासान्त मार्च/17	4240	1726	278623	166275

सार्वजनिक क्षेत्र के पांच अंगों में त्रैमासान्त मार्च, 2017 में नियोक्ताओं की संख्या एंव अनुमानित रोज़गार

अवधि त्रैमासान्त	केन्द्रीय सरकार		राज्य सरकार		अर्ध–सरकारी केन्द्रीय		अर्ध–सरकारी राज्य		स्थानीय नियोक्ता	
	प्रतिष्ठान संख्या	अनुमानित रोजगार	प्रतिष्ठान संख्या	अनुमानित रोजगार	प्रतिष्ठान संख्या	अनुमानित रोजगार	प्रतिष्ठान संख्याा	अनुमानित रोजगार	प्रतिष्ठान संख्या	अनुमानित रोजगार
मार्च/16	124	11118	2773	206277	761	19694	511	43125	63	3537
मार्च/17	124	11138	2778	200627	762	19113	513	44222	63	3523

निजी क्षेत्र में त्रैमासान्त मार्च 2017 में नियोक्ताओं की संख्या एंव अनुमानित रोजगार

अवधि त्रैमासान्त	अधिनियमित संस्थान		लघु संस्थान	
	25 या अधिक कर्मचारी वाले संस्थान		10 से 24 कर्मचारियों वाले संस्थान	
	प्रतिष्ठानों की संख्या	अनुमानित रोजगार	प्रतिष्ठानों की संख्या	अनुमानित रोजगार
त्रैमासान्त मार्च/16	1119	151920	600	9538
त्रैमासान्त मार्च/17	1127	156169	599	10106

सार्वजनिक क्षेत्र एवं निजि क्षेत्र में त्रैमासान्त मार्च, 2017 में औद्यौगिक वर्गीकरण में संस्थानों की संख्या एंव अनुमानित रोजगार

		सार्वजनिक क्षेत्र		निजी क्षेत्र	
क्र0 सं0	व्यवसाय	संस्थानों की संख्या	अनुमानित रोजगार	संस्थानों की संख्या	अनुमानित रोजगार
1.	कृषि, शिकार, वानिकी, मत्स्य शिकार एंव पशु व्यवसाय	164	16444	12	521
2.	खनिज एंव खाद्य	5	83	1	53
3.	उत्पादन	46	1577	1082	131640
4.	विद्युत, गैस एंव जल	165	30147	55	6487
5.	निर्माण	141	35063	17	2134
6.	थोक, व्यक्तिगत एवं घर–गृहस्थी सामान एंव परचून व्यापार	27	746	39	2065
7.	यातायात एंव भण्डार	45	12220	9	443
8.	होटल एंव रेस्तरां	13	599	128	4014
9.	सूचना एंव संचार	25	6021	19	1792
10.	वित्तीय बीमा	894	16116	26	694
11.	असली सम्पदा, व्यवसायिक, वैज्ञानिक एवं तकनीकी कार्यक्लाप	129	8134	1	17
12.	लोक प्रशासन, रक्षा, सामाजिक एंव व्यक्तिगत समस्यायें	649	47979	1	35
13.	शिक्षा	1684	79554	316	14720
14.	स्वास्थ्य एंव सामाजिक कार्य	208	23347	20	1660
15.	कला, मनोरंजन, अन्य समाजिक एंव व्यक्तिगत सेवायें	45	593	0	0
	कुल	**4240**	**278623**	**1726**	**166275**

वर्ष 2016–17 के दौरान संगठित क्षेत्र में रोज़गार के त्वरित अनुमान।

विवरण–1

त्रैमासान्त मार्च 2017 को कुल रोज़गार			त्रैमासान्त दिसम्बर, 2016 को कुल रोज़गार
सार्वजनिक क्षेत्र	निजी क्षेत्र	कुल	
278623	166275	444898	443588

विवरण–2

औसत महिला रोज़गार

त्रैमासान्त मार्च 2017 को कुल रोज़गार			त्रैमासान्त दिसम्बर, 2016 को कुल रोज़गार
सार्वजनिक क्षेत्र	निजी क्षेत्र	कुल	
67362	27315	94677	94493

विवरण–3

कुल औसत तुलनात्मक रोज़गार

त्रैमासान्त मार्च,2017 को कुल रोज़गार		गत वर्ष के त्रैमास के अनुसार वर्तमान त्रैमासान्त में प्रतिशत परिवर्तन
त्रैमासान्त 31–03–2016 को कुल रोज़गार	त्रैमासान्त 31–03–2017 को कुल रोज़गार	
445209	444898	–0.06

विवरण–4

औसत तुलनात्मक महिला रोज़गार

त्रैमासान्त मार्च, 2017 को कुल रोज़गार		गत वर्ष के त्रैमास के अनुसार वर्तमान त्रैमासान्त में प्रतिशत परिवर्तन
त्रैमासान्त 31–03–2016 को कुल महिला रोज़गार	त्रैमासान्त 31–03–2017 को महिला रोज़गार	
93810	94677	0.92

3. रोज़गार प्राप्ति उपरान्त सेवाएं

श्रम कानूनों जिनकी संख्या 28 (केन्द्रीय एवं राज्य) है, के तहत विभिन्न संस्थानों में कार्यरत कामगारों की सेवा शर्तों, सुरक्षा, कल्याण, सामाजिक सुरक्षा तथा कारखानों में औद्योगिक शान्ति, सोहार्दपूर्ण औद्योगिक सम्बन्ध से सम्बन्धित सेवाएं प्रदान करनाः–यह सेवाएं श्रम विभाग के श्रम खण्ड के माध्यम से प्रदान की जाती है।

अध्याय–4

श्रम तथा श्रम कल्याण

श्रम एंव रोज़गार विभाग द्वारा चलाये गये कार्यक्रमों की सुविधा के लिये दो खण्डों में विभाजित किया गया है। श्रम खण्ड में श्रमिकों के कल्याण और रोज़गार खण्ड में रोज़गार कार्यालयों की गतिविधियां है, जिनका ब्यौरा निम्न प्रकार से हैः–

श्रम खण्ड

हिमाचल प्रदेश में श्रम खण्ड का कार्य, 26 केन्द्रीय तथा 2 राज्य श्रम अधिनियमों एंव नियमों के प्रावधानों को प्रदेश में लागू करना है। इन श्रम कानूनों में कारखानों, विभिन्न संस्थानों एंव विभिन्न निर्माण कार्यों में कार्यरत कामगारों की सेवा शर्तों, सुरक्षा, कल्याण, सामाजिक सुरक्षा इत्यादि के विस्तृत रूप में प्रावधान किये गये हैं। इन कारखानों/संस्थानों में औद्योगिक शान्ति, सौहार्दपूर्ण औद्योगिक सम्बन्ध, गुणवत्ता, उत्पादकता को सुनिश्चित करने और इन क्षेत्रों में विकास/उन्नति सुनिश्चित करने के भी प्रावधान किये गये हैं। कामगारों को सक्षम सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम वेतन प्राप्त हो, बाल श्रमिक एंव बन्धुआ मज़दूरी पर रोक लगे, इस सम्बन्ध में भी प्रावधान है। इन सबको सुनिश्चित करने के लिये श्रम विभाग के अधिकारी एंव निरीक्षक समय समय पर निरीक्षण करते हैं, अवहेलना करने वालों के विरूद्व

सक्षम न्यायालयों में अभियोग चलाये जाते हैं। औद्योगिक शान्ति बनाये रखने के लिये कामगारों एंव संस्थान मालिकों/प्रबन्धकों के मध्य हस्तक्षेप करते हैं एंव उचित परामर्श देते हैं तथा जो भी शिकायतें विभिन्न स्तर पर प्राप्त होती हैं उनका निवारण भी करते हैं। श्रम खण्ड में ही कारखाना शाखा भी है जिसके द्वारा कारखाना अधिनियम,1948 एंव उसके अर्न्तगत बनाये गये नियमों के अर्न्तगत कारखानों का पंजीकरण, नवींनीकरण और कामगारों की सुरक्षा, दुर्घटनायें रोकने और उनकी सेवा शर्तों का कार्यान्वयन, सुनिश्चित किया जाता है।

औद्योगिक सम्बन्ध तथा सामान्य श्रम स्थिति

औद्योगिक सम्बन्धों का महत्वपूर्ण स्थान है। औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि तब तक पूर्ण रूप से नहीं हो सकती है, जब तक मालिकों और श्रमिकों में सहयोग एवं मैत्रीपूर्ण सम्बन्ध न हों। औद्योगिक विवाद अधिनियम,1947 के अर्न्तगत समझौता व्यवस्था, औद्योगिक विवादों को रोकने तथा निपटाने में और औद्योगिक शान्ति स्थापित करने में एक महत्वपूर्ण साधन है। 10 जिला मुख्यालयों पर स्थित श्रम अधिकारियों को समझौता अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसके अतिरिक्त श्रम अधिकारी (परियोजना) रामपुर बुशैहर और श्रम अधिकारी बद्दी को भी अपने–अपने क्षेत्र के लिये समझौता अधिकारी नियुक्त किया गया है। प्रदेश के अन्य जिलों में जहां श्रम अधिकारी के पद सृजित नहीं हैं वहां पर जिला रोज़गार अधिकारियों को समझौता अधिकारी नियुक्त किया गया है। जहां पर कामगारों की संख्या 200 या उससे कम हो, श्रम निरीक्षक भी समझौता अधिकारी के रूप में औद्योगिक विवादों को निपटाने का कार्य करते हैं। जहां पर उपरोक्त अधिकारियों द्वारा औद्योगिक विवादों का समझौता न हो पाये, वहां पर श्रम अधिकारी, उप–श्रमायुक्त/संयुक्त–श्रमायुक्त और श्रमायुक्त औद्योगिक विवादों को निपटाने में हस्तक्षेप करते हैं। इसके अतिरिक्त औद्यौगिक विवाद अधिनियम, 1947 की धारा 3 के अर्न्तगत, जहां पर 100 या इससे अधिक कामगार कार्यरत हों, उन संस्थानों द्वारा वर्कस कमेटी का गठन करना अनिवार्य है। ये वर्कस कमेटियॉ भी औद्योगिक शान्ति बनाने में सहायक सिद्ध होती है। इन कमेटियों में प्रबन्धकों और कामगारों के प्रतिनिधि सम्मिलित होते हैं। सामान्यतः वर्ष 2017–2018 में हिमाचल प्रदेश की श्रम स्थिति संतोषजनक रही है ।

31.3.2018 तक श्रम खण्ड में विभिन्न श्रम अधिनियमों के अर्न्तगत कुल पंजीकृत संस्थानों की संख्या और उनमें कार्य कर रहे प्रस्तावित कर्मचारियों का ब्यौरा निम्नलिखित हैः–

क्रमांक	अधिनियम का नाम	पंजीकृत संस्थानों की संख्या	प्रस्तावित कामगारों की संख्या
1.	कारखाना अधिनियम, 1948	5014	3,34,072
2.	मोटर ट्रांसपोर्ट वर्करज अधिनियम, 1961	126	7,345
3.	ट्रेड यूनियनज अधिनियम,1926	1,358	15,883
4.	बागान श्रम अधिनियम, 1951	14	122
5.	अर्न्तराज्य प्रवासी कामगार अधिनियम,1979 (क) प्रमुख नियोक्ता	37	7,947
	(ख) ठेकेदार	79	2,713

6.	श्रम ठेका (विनियम एवं उन्मूलन) अधिनियम, 1970 (क) प्रमुख नियोक्ता	1,589	1,79,066
	(ख) ठेकेदार	6,982	3,45,441
7.	कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम,1952	11,346	13,31,126
8.	कर्मचारी राज्य बीमा योजना अधिनियम, 1948	7,500	2,45,000

नोटः– क्रम संख्या 7 व 8 के ऑकड़े 31–3–2017 तक के ही उपलग्ध हैं।

सांख्यिकीय विवरण

श्रम खण्ड की वित्तिय वर्ष 2017–18 तक की उपलब्धियों/कार्यों का ब्यौरा नीचे दी गई तालिकाओं पर वर्णित है। विभिन्न श्रम अधिनियमों के अर्न्तगत किए निरिक्षणों, सक्षम न्यायालयों में दायर अभियोगों की संख्या, न्यायालय द्वारा निर्णित अभियोगों की संख्या एंव दण्डित किये जाने पर जुर्माने की राशि का विवरण निम्नलिखित तालिका में दिया गया हैः–

तालिका–1

क्रमांक	अधिनियम का नाम	1.4.2017 से 31.3.2018 तक किये गये निरीक्षणों की संख्या	1.4.2017 से 31.3.2018 तक न्यायालय में दायर किये गये चालानों की संख्या	1.4.2017 से 31.3.2018 तक न्यायालय द्वारा निर्णित मामलों की संख्या	जुर्माने की राशि (रूपये)
1	कारखाना अधिनियम,1948				
		1101	110	69	1102000
2	दुकान एवं वाणिज्य संस्थान अधिनियम,1969				
		8606	1169	841	1472515
3	प्रसूति लाभ अधिनियम,1961				
		600	6	3	5000
4	न्यूनतम वेतन अधिनियम,1948				
		4712	385	353	469000
5	वेतन भुगतान अधिनियम, 1936				
		4585	448	385	957800
6	बागान श्रम अधिनियम,1951				
		3	0	0	0
7	श्रम ठेका (विनियम एवं उन्मूलन) अधिनियम, 1970				
		1159	110	63	66100
8	बोनस भुगतान अधिनियम, 1965				
		1056	4	7	23000
9	उपादान भुगतान अधिनियम,1972				
		1348	140	77	727000

10	औद्योगिक रोज़गार (स्थाई आदेश) अधिनियम,1946				
		486	0	0	0
11	हिमाचल प्रदेश औद्योगिक संस्थान (राष्ट्रीय त्यौहार के अवकाश आकस्मिक एवं चिकित्सा अवकाश) अधिनियम,1969				
		1188	4	5	1050
12	मोटर ट्रांसपोर्ट वर्कर्रज़ अधिनियम,1961				
		168	7	2	2000
13	अर्न्तराज्य प्रवासी कर्मकार अधिनियम,1979				
		245	3	3	4500
14	बाल श्रमिक (निषेद्ध एंव विनियम) अधिनियम,1986				
		3859	8	6	93000
15	समान वेतन अधिनियम, 1976				
		717	4	2	5000
16	भवन एंव अन्य सन्निर्माण कामगारों(रैगुलेशन ऑफ एम्पलायमैंट एण्ड कन्डिशन ऑफ सर्विस) अधिनियम,1996				
		706	13	13	43000
17	श्रमजीवी और अन्य समाचार पत्र कर्मचारी (सेवा की शर्तें) विविध प्रावधान अधिनियम,1955				
		1	1	1	200
	कुल	**30540**	**2412**	**1830**	**4971165**

तालिका–2

उपादान अदायगी अधिनियम,1972

क्रमांक	31.3.17 तक के पिछले अनिर्णित मामले	01.04.2017 से 31.03. 2018 तक प्राप्त मामले	कुल मामलों की संख्या (खाना संख्या 3 एंव 4)	31.3.18 तक निर्णित मामलों की संख्या	31.3.2018 तक अनिर्णित मामलों की संख्या
1.	2	3	4	5	6
(क) नियन्त्रक अधिकारियों द्वारा निपटाए गए मामलें	121	140	261	129	132
(ख) एपीलैट अथोरिटी द्वारा निपटाई गई अपीलों का ब्यौरा	16	46	62	14	48

तालिका–3
औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947

क्रमांक	31.3.2017 को लम्बित मांग पत्रों की संख्या	1.4.2017 से 31.3.2018 तक प्राप्त मांग पत्रों की संख्या	कुल मांग पत्रों की संख्या खाना संख्या (2 एंव 3)	समझौते के दौरान धारा 12(3) के तहत निपटाये गये मामले	असफल मामलों की संख्या जो 12(4) के अधीन भेजे गये	31.3.2018 को लम्बित मांग पत्रों की संख्या
1	2	3	4	5	6	7
	810	511	1321	478	345	498

तालिका–4
औद्योगिक रोज़गार (स्टैंडिग आर्रडरज़) अधिनियम,1946

क्रमांक	अधिनियम के अर्न्तगत आने वाले संस्थान	स्टैंडिंग आर्रडरज़ जिनको 31.03.2018 तक प्रमाणित करवा लिया गया है।
1	2447	338

तालिका–5
हि0 प्र0 दुकान एवं वाणिज्य संस्थान अधिनियम,1969

क्रमांक	अधिनियम के अधीन बाज़ारों की संख्या	31.3.2018 के अन्त में दुकानों की संख्या	प्रस्तावित कामगारों की संख्या	31.3.18 के अन्त में वाणिज्य संस्थानों की संख्या	31.3.2018 तक प्रस्तावित कामगारों की संख्या	31.3.2018 तक कुल संस्थानों की संख्या	31.03.2018 के कुल प्रस्तावित कामगारों की संख्या
1	121	66189	35337	21374	27045	87563	62382

तालिका–6
निम्न अधिनियमों में प्राप्त शिकायतें

क्रमांक	अधिनियम का नाम	31.3.2017 को लम्बित शिकायतों की संख्या	1.4.2017 से 31.3.18 तक प्राप्त शिकायतों की संख्या	योग (खाना संख्या 3 एंव 4)	श्रम निरीक्षकों द्वारा निर्णित शिकायतों की संख्या	श्रम निरीक्षकों द्वारा भुगतान करवाई गई धनराशि (रू0) में	लाभान्वित कामगारों की संख्या	31.3.2018 को अनिर्णित मामलों की संख्या
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1.	वेतन भुगतान अधिनियम,	530	1140	1670	1055	48715378	1308	615

	1936							
2.	हि0प्र० दुकान एवं वाणिज्य संस्थान अधिनियम, 1969	2	0	0	2	0	0	0
3.	हि० प्र० लोक निर्माण विभाग के ठेकेदारों के श्रमिकों का विनियम	4	12	16	5	1090396	35	11
4		0	44	44	41	0	0	3

तालिका–7

कारखाना अधिनियम, 1948 के अर्न्तगत दिनांक 1.4.2017 से 31.3.2018 तक किये गये कार्य का विवरण

31.3.2017 तक पंजीकृत कारखानों की संख्या	1.4.2017 से 31.3.2018 तक पंजीकृत नये कारखानों की संख्या	31.3.2018 को कुल पंजीकृत कारखानों की संख्या	31.3.2018 को कुल पंजीकृत कारखानों में प्रस्तावित कामगारों की संख्या
1.	2.	3.	4.
4913	39	4952	326382

औद्योगिक विवाद अधिनियम,1947

औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 के अर्न्तगत निदेशालय स्तर पर 31.3.2017 को 710 विवाद सर्न्दभ हेतु लम्बित थे। वित्त वर्ष 2017–18 (01.04.2017 से 31.03.2018) के दौरान 471 विवाद उक्त अधिनियम की धारा 12(4) के अर्न्तगत निदेशालय में प्राप्त हुये, अतः कुल विवाद 1039 हो गये। इस वित्त वर्ष (01.04.2017 से 31.03.2018) के दौरान 328 मामले विभिन्न श्रम न्यायालयों को निर्णय हेतु भेजे गये तथा उक्त अधिनियम की धारा 12(5) के अर्न्तगत 481 निरस्त किये गये, तथा 31.3.2018 को 230 मामले शेष हैं। माननीय उच्च न्यायलय के आदेशनुसार जिन औद्योगिक विवादों को श्रम न्यायलयों को निर्णय हेतु नहीं भेजा गया था उनमें से 21 औद्योगिक विवादों को माननीय उच्च न्यायलय के आदेशानुसार न्याय निर्णय हेतू भेजा गया।

भाग–1									
क्र0 स0	अधिनियम का नाम	वर्ष के प्रारम्भ में संस्थानों की संख्या	वर्ष के दैरान पंजीकृत संस्थानों की संख्या	पंजीकरण शुल्क एकत्रित (रूपये में)	वर्ष के दौरान नवीनीकृत संस्थानों की संख्या (यदि कोई हो)	लाईसैंस/ नवीनीकरण शुल्क एकत्रित (रूपये में)	अधिनियम की विभिन्न धाराओं के उल्लघंन पर एकत्रित जुर्माना (रूपये में)	व्वर्ष के अन्त में पंजीकृत संस्थानों की संख्या	कुल राशि एकत्रित (रूपये में) (कालम 3+ कालम 5+ कालम 6
		1	2	3	4	5	6	7	8
1	कारखाना अधिनियम, 1948	11	0	0	0	0	397000	13	397000
2	दुकान एंव वाणिज्य संसथान अधिनियम 1969	72630	1997	1911977	1869	1463434	1373265	68853	4748676
3	श्रम ठेका(विनियम एंव उन्नमूलन अधिनियम, 1970	2718	171	95839	1041	234897	46600	2969	377336
4	मोटर ट्रांसपोर्ट वकैरर्ज़ अधिनियम,1961	3	0	0	2	2000	1500	2	3500
5	अर्न्तराज्य प्रवासी कर्मकार अधिनियम, 1979	71	2	80	7	650	500	32	1230
6	ट्रेड युनियनज़ अधिनियम,1926	3	0	10	0	0	0	0	10
7	बगान श्रम अधिनियम, 1951	0	0	0	0	0	0	0	0
8	भवन एंव अन्य सन्निर्माण कामगारों (रैगूलेशन ऑफ एम्पलायमैन्ट एण्ड कन्डिशन ऑफ सर्विस) अधिनियम, 1996	1179	67	112985	130	14050	40500	1246	167535
	योग भाग–1	76615	2237	2120891	3049	1715031	1859365	73115	5695287

भाग–2		
क्र0 स0	**अधिनियम का नाम**	आय/जुर्माना अर्जित
1.	न्यूनतम वेतन अधिनियम,1948	**537800**
2.	वेतन भुगतान अधिनियम,1936	**1081000**
3.	बोनस भुगतान अधिनियम,1965	**3000**
4.	उपादान भुगतान अधिनियम,1972	**552000**
5.	औंद्योगिक रोज़गार (स्थाई आदेश) अधिनियम,1946	**0**
6.	हिमाचल प्रदेश औद्योगिक संस्थान (राष्ट्रीय त्यौहार के अवकाश आकस्मिक एवं चिकित्सा अवकाश) अधिनियम,1969	**25850**
7.	बाल श्रमिक (निषेद्व एंव विनियम) अतिधनियम3,1986	**73000**
8.	भवन एंव अन्य सन्निर्माण कामगारों (रैगूलेशन ऑफ एम्पलायमैन्ट एण्ड कन्डिशन ऑफ सर्विस) अधिनियम, 1996	**39800**
9.	**भवन एंव अन्य सन्निर्माण कामगार सैस अधिनियम,1996**	**673147**
10.	**प्रसूति लाभ अधिनियम,1961**	**119575052**
11.	श्रमजीवी और अन्य समाचार पत्र कर्मचारी (सेवा की शर्तें) विविध प्रावधान अधिनियम,1955	**0**
12.	**औद्योगिक विवाद अधिनियम,1947**	**0**
13.	**समान वेतन अधिनियम,1976**	**5000**
	योग भाग–2	**122565649**

	भाग–3	
क्र0 स0	अधिनियम का नाम	राशि (रूपये में)
1.	भवन एंव अन्य सन्निर्माण कामगार अधिनियम, 1996 के तहत एकत्रित सैस	283250599
	योग भाग–3	283250599
	योग भाग–(1 का कॉलम–8)	5695287
	योग भाग–2 (भाग–2 का कॉलम–2)	122630649
	विभिन्न श्रम अधिनियमों के तहत अर्जित कुल आय	411576535

नोटः– उक्त सूचना में श्रम अधिकारी बद्दी व श्रम अधिकारी सोलन के ऑकड़े सम्मिलित नहीं हैं।

हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न श्रम अधिनियमों के अन्तर्गत निम्नलिखित बोर्ड और समितियों का समय–समय पर गठन किया जाता हैः–

क्रमांक	अधिनियम का नाम	बोर्ड/ समिति का नाम	गठन का उद्देश्य
1	न्यूनतम वेतन अधिनियम, 1948	न्यूनतम वेतन सलाहकार बोर्ड	न्यूनतम वेतन अधिनियम, 1948 के अधीन अनुसूचित व्यवसायों में न्यूनतम वेतन दरों में संशोधन/पुनः निर्धारण बारे में सरकार को परामर्श देना।
2	न्यूनतम वेतन अधिनियम, 1948	न्यूनतम वेतन सलाहकार समिति	न्यूनतम वेतन अधिनियम, 1948 के अधीन अनुसूचित व्यवसायों में न्यूनतम वेतन दरों में संशोधन/ पुनः निर्धारण बारे में सरकार को परामर्श देना।
3	श्रम ठेका (विनियम एवं उन्मूलन) अधिनियम,1970	राज्य सलाहकार श्रम ठेका बोर्ड	ठेकेदारी वर्ग पद्वति पर जहाँ पर सम्भव हो सके, रोक लगाना, और जहां रोक लगाना सम्भव न हो, इस प्रथा का विनियम करना और इस सम्बन्ध में अपनी सिफारिशें सरकार को देना।
4	बन्धुआ मजदूर (विनियम एवं उन्मूलन) अधिनियम, 1976	जिला तथा सभी उप मण्डल स्तरों पर सर्तकता समितियां	बन्धुआ मजदूर प्रथा को समाप्त करना, उन्मूलन/पुर्नवास सम्बन्धित कार्यवाही ।
5	भवन एंव अन्य सन्निर्माण कामगारों (रैगूलेशन ऑफ एम्पलायमैन्ट एण्ड कन्डिशन ऑफ सर्विस) अधिनियम, 1996	राज्य स्तरीय बोर्ड	हि0 प्र0 भवन एंव अन्य सन्निर्माण कार्यों में कार्यरत कामगारों के कल्याण के लिये हि0 प्र0 भवन एंव अन्य सन्निर्माण कामगार बोर्ड का गठन किया गया है।
6	भवन एंव अन्य सन्निर्माण कामगारों (रैगूलेशन ऑफ एम्पलायमैन्ट एण्ड कन्डिशन ऑफ सर्विस) एक्ट, 1996	राज्य स्तरीय समिति	इस अधिनियम के अर्न्तगत प्रभावी क्रियान्वयन के लिए राज्य सरकार द्वारा समिति का गठन किया गया है जो समय–समय पर राज्य सरकार को परामर्श देगी।

न्यूनतम वेतन

न्यूनतम वेतन निर्धारण व पुनः निर्धारण, न्यूनतम वेतन अधिनियम, 1948 के अर्न्तगत होता है। हिमाचल प्रदेश सरकार उक्त अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार समय–समय पर न्यूनतम वेतन सलाहकार बोर्ड एंव न्यूनतम वेतन सलाहकार समिति का पुर्नगठन करती रही है। इसका उद्देश्य सरकार को विभिन्न व्यवसायों में न्यूनतम वेतन की दरों में निर्धारण एवं संशोधन करने में परामर्श देना है। हिमाचल प्रदेश सरकार नें 19 अधिसूचित व्यवसायों में कार्यरत विभिन्न श्रेणी के श्रमिकों के न्यूनतम वेतन में वित्तीय वर्ष 2017–18 में न्यूनतम वेतन सलाहकार समिति के परामर्श के पश्चात इन समस्त अनुसूचित व्यवसायों में अकुशल श्रमिकों के वेतन की न्यूनतम दर ₹ 210/– प्रतिदिन या ₹ 6300/– प्रतिमाह प्रथम अप्रैल, 2016 से निर्धारित किया है, जो कि पिछले न्यूनतम वेतन से 20 रूपए अधिक है। अर्ध कुशल, कुशल तथा उच्च कुशल कामगारों के वेतन में भी 20 रूपए प्रतिदिन की दर से बढ़ोतरी की गई है जो कि 01.04.2017 से लागू है, जिन अनुसूचित व्यवसायों में बढ़ोतरी की है वे निम्न प्रकार से हैंः–

1. कृषि।
2. सड़क और भवन निर्माण पत्थर पिसाई/क्रशिंग/पत्थर तुड़ान।
3. फौरेस्टरी एंव टिम्बरिंग आप्रेशन।
4. पब्लिक मोटर ट्रांसपोर्ट।
5. दुकान एंव वाणिज्य संस्थानों के व्यवसाय।
6. रसायन और रसायन उत्पाद।
7. इन्जीनियरिंग उद्योग।
8. चाय बागान।
9. विनिर्माण क्रिया में नियोजन जो कि कारखाना अधिनियम, 1948 की धारा–2 के खण्ड (क) में परिभाषित।
10. होटल/रेस्तरां
11. निजि शैक्षणिक संस्थान।
12. हाइड्रो विधुत परियोजनाएं।
13. फार्मास्यूटिकल उघोग।
14. अस्पताल, नर्सिग होम एवं कलीनिक।
15. घरेलू कामगार।
16. सफाई कर्मचारी नियोजन।
17. सुरक्षा सेवाएं।
18. मंदिर और धार्मिक स्थान/धर्मशालाएं।
19. टोल टैक्स बैरियरों में कार्यरत कामगार।

1. इसके अतिरिक्त सुरंग के अन्दर कार्यरत कामगारों को मजदूरी की न्यूनतम वेतन की दरों पर 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी देय है।

2. हिमाचल प्रदेश के गैर जन–जातीय क्षेत्रों में 'निर्माणाधीन जल–विद्युत परियोजनाओं' में कार्यरत सभी श्रेणी के कामगारों को न्यूनतम वेतन पर 25 प्रतिशत की बढ़ोतरी देय है।

